**भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान**

4054. **श्री सुरेन्द्र सिंह ठाकुर :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश में भोपाल जिले की हुजूर तहसील के अन्तर्गत नवी बाग ग्राम में कुछ भूमि "भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान" के लिए अर्जित की गई है ;

(ख) यदि हां, तो कितनी भूमि किस भाव पर अर्जित की गई है ;

(ग) क्या इस भूमि के लिए मुआवजा बाजार दर पर दिया गया है; और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण है;

(घ) क्या सरकार उन किसानों के, जिनकी भूमि अर्जित की गई है, प्रत्येक परिवार के एक सदस्य को रोजगार प्रदान करने का विचार रखती है; और

(ङ) यदि हां, तो कब तक ?

**कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के०सी० लेंका)** : जी हां।

(ख) मध्य प्रदेश सरकार ने जिला भोपाल के तहसील हुजूर में नबी बाग ग्राम में 50 हैक्टर जमीन 53.5 लाख रु० की अधिग्रहीत की और भा० कृ० अ० परिषद को भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान की स्थापना के लिए दे दी।

(ग) मध्य प्रदेश सरकार ने जिन किसानों की भूमि अधिग्रहीत की है उन्हें नियमों के अनुसार मुआवजा दिया गया है ।

(घ) भारत सरकार ने ऐसा कोई आश्वासन नहीं दिया कि जिन किसानों की जमीन खरीदी गई है उनके परिवार के सदस्य को रोजगार दिया जाएगा।

(ङ) प्रश्न ही नहीं उठता।

**तिलहनों का मूल्य**

4055. **श्री लक्खीराम अग्रवाल** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार तिलहनों का मूल्य निर्धारित करने पर विचार कर रही है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार ने राज्यवार तिलहनों की अलग-अगल किस्मों के लिए अलग-अलग मूल्य निर्धारित करने के वास्ते कोई समयबद्ध कार्यक्रम बनाया है ?

**कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन)** : (क) और (ख) छिलके सहित मूंगफली, रेपसीड-सरसों, सोयाबीन (काली तथा पीली किस्में) सूरजमुखी, कुसुम और खोपरा जैसे मुख्य तिलहनों का सरकार की कृषि मूल्य नीति के अन्तर्गत लाया जा रहा है। तदनुसार, कृषि लागत और मूल्य आयोग की सिफारिशों के आधार पर हर मौसम में इन तिलहनों के समर्थन मूल्य घोषित किए जाते हैं। हर वर्ष तोरिया और रेपसीड-सरसों के मूल्य के अन्तर के आधार पर तोरिया का समर्थन मूल्य भी घोषित किया जाता है।

(ग) सभी राज्यों के लिए लागू एक समान आधार पर रबी और खरीफ तिलहनों के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करने का एक समयबद्ध कार्यक्रम पहले ही विद्यमान है।

**फसल बीमा योजना**

4056. **श्री लक्खीराम अग्रवाल :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार सभी राज्यों में फसल बीमा योजना को लागू करने का विचार रखती है; और